संत थॉमस स्कूल धुर्वा रांची
पाठ 11 (काल)

कक्षा 5 विषय हिंदी

प्रश्नों के उत्तर

प्रश्न उत्तर

प्रश्न -(क) समय को कहते हैं -
उत्तर - काल

प्रश्न - (ख) काल के भेद हैं -
उत्तर - तीन

प्रश्न - (ग) जिससे क्रिया का बीते हुए समय में होने का बोध हो, उसे कहते हैं -
उत्तर - भूतकाल

(2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्रश्न - (क) काल किसे कहते हैं ? इसके भेद के नाम लिखिए ।

उत्तर - क्रिया के जिस रुप से कार्य के करने या होने के समय का बोध हो, उसे काल कहते हैं ।
काल के तीन भेद होते हैं।

1. भूतकाल
2. वर्तमान काल
3. भविष्यत् काल

प्रश्न - (ख) वर्तमान काल से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर - क्रिया का जो रूप वर्तमान समय में कार्य के होने का बोध कराता है, उसे वर्तमान काल कहते हैं।
जैसे पिता जी अखबार पढ़ रहे हैं ।
आकाश में पक्षी उड़ रहे हैं।

प्रश्न - (ग) भूतकाल की परिभाषा दीजिए तथा दो उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

उत्तर - क्रिया का वह रूप जो काम के बीते समय में पूरा होने का बोध कराता है, उसे भूतकाल कहते हैं ।
जैसे राघव सो रहा था | आकाश में पक्षी उड़ रहे थे ।

प्रश्न - (घ) भविष्यत् काल से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर - क्रिया का जो रूप आने वाले समय में काम के होने का बोध कराता है, उसे भविष्यत् काल कहते हैं।
जैसे कुणाल दौड़ लगाने वाला है ।मीना दिल्ली घूमने जाएगी ।

निम्नलिखित वाक्यों को कोष्ठको में दिए गए निर्देश अनुसार बदलिए -

प्रश्न -(क)अध्यापिका व्याकरण पढ़ा रही थी । (वर्तमान काल)
उत्तर - अध्यापिका व्याकरण पढ़ा रही है।

प्रश्न -(ख) कबूतर दाना चुग रहे हैं । (भविष्यत् काल)
उत्तर - कबूतर दाना चुगेंगे ।

प्रश्न - (ग) मैं भी पौधे लगाना चाहूँगी। (वर्तमान काल)
उत्तर -मैं भी पौधे लगा रही हूँ।

प्रश्न - (घ) उसने माताजी को पत्र लिखा । (भविष्यत् काल)
उत्तर - वह माता जी को पत्र लिखेगी ।

प्रश्न -4 चित्र देखकर काल का नाम लिखिए -
उत्तर -1. लड़के क्रिकेट खेल रहे हैं। -**वर्तमान काल**
उत्तर -2 .राहुल फुटबॉल खेलेगा । - **भविष्यत् काल**
उत्तर -3 .चिंटू सो रहा था । -**भूतकाल**